# UNIVERSITY NEWS 16 NOVEMBER 2025

AMAR UJALA

## 257 केंद्रों पर होगी विषम सेमेस्टर की परीक्षाएं

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय व सहयुक्त महाविद्यालयों की विषम सेमेस्टर-2025 की परीक्षाओं के लिए लविवि ने 257 प्रस्तावित केंद्रों की सूची शनिवार को जारी कर दी। प्रवक्ता डॉ. मुकुल श्रीवास्तव ने बताया कि ये केंद्र लखनऊ सहित हरदोई, रायबरेली, लखीमपुर, सीतापुर में बनाए गए हैं। सूची वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर अपलोड है। केंद्रों पर आपत्ति 18 नवंबर की शाम 5 बजे तक परीक्षा नियंत्रक के ई-मेल coe@lkouni v.ac.in या व्हाट्सअप नंबर 7991200506 पर भेज सकते हैं। इन केंद्रों के लिए 22 नोडल केंद्र भी बनाए गए हैं। (संवाद)

## लविवि में स्थापना दिवस समारोह सप्ताह शुरू

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में स्थापना दिवस सप्ताह समारोह की शुरूआत शनिवार को हुई। आचार्य नरेंद्र देव छात्रावास में कुलपति प्रो. मनुका खन्ना ने अंतर-छात्रावासीय फेस्ट का उद्घाटन किया। कुलपति ने बैडमिंटन खेलकर कार्यक्रम की शुरुआत की। डीएसडब्ल्यू प्रो. वीके शर्मा, चीफ प्रोवोस्ट प्रो. अनूप कुमार सिंह, एडिशनल चीफ प्रोवोस्ट प्रो. राजेश्वर यादव व सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। बैडमिंटन मैच 16 नवंबर को भी आचार्य नरेंद्र देव छात्रावास और लाल बहादुर शास्त्री छात्रावास में आयोजित किए जाएंगे। रस्साकसी प्रतियोगिता भी होगी। (संवाद)

HINDUSTAN

## सेवा करने वालों से ही सांस्कृतिक शक्ति जीवित

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में अस्तित्व सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि निरंजन पीठाधीश्वर श्री श्री 1008 आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी डॉ. कैलाशानन्द गिरि ने कहा कि समाज में जो लोग सेवा और समर्पण की भावना से काम करते हैं, वह ही इस देश की सांस्कृतिक शक्ति को जीवित रखते हैं। ऐसे व्यक्तित्वों का सम्मान करना हमारी जिम्मेदारी है।

## एलयू में छात्रों को पोश के बारे में जानकारी दी

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज (आईएमएस) में विधि संकाय के प्रो. बोनो क्लब ने शनिवार को कार्यस्थल पर महिलाओं के प्रति यौन उत्पीड़न अधिनियम, 2013 यानी पोश एक्ट जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया। शिक्षकों और बीबीए व एमबीए के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान आदित्य राज सोनी, कोमल सिंह आदि मौजूद रहे।

DAINIK JAGRAN

## 'श्रद्धा और समर्पण से मिलती है शिव शक्ति'



लखनऊ विश्वविद्यालय के एपी सेन सभागार में आयोजित समारोह में विकल्प संस्था के महासचिव शेखर त्रिपाठी, अध्यक्ष सत्यनारायण अवस्थी, मनमोहन शुक्ला व निरंजन पीठाधीश्वर के स्वामी डा. कैलाशानंद गिरि महाराज • जागरण

जागरण संवाददाता • लखनऊः पूज्य गुरुदेव निरंजन पीठाधीश्वर श्री श्री 1008 आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी डा. कैलाशानंद गिरि महाराज ने कहा कि श्रद्धा और समर्पण से ही शिव की कृपा और शक्ति मिलती है। समाज में जो लोग सेवा और समर्पण की भावना से काम करते हैं, वे ही इस देश की सांस्कृतिक शक्ति को जीवित रखते हैं।

वह शनिवार को विकल्प सोसायटी की ओर लखनऊ विश्वविद्यालय के एपी सेन सभागार में आयोजित अस्तित्व सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि थे। शेखर त्रिवेदी के संचालन में आयोजित समारोह में विश्वविद्यालय की कुलपति मनुका खन्ना, श्री काशी विश्वनाथ मंदिर ट्रस्ट वाराणसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विश्व भूषण मिश्र, एएमए हर्बल के सह-संस्थापक व सीईओ यावर अली शाह, कानपुर के प्राणवीर सिंह इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलाजी के ग्रुप निदेशक प्रो. डा. मनमोहन शुक्ला समेत कई बुद्धजीवियों को सम्मानित किया गया। संस्था के महासचिव शेखर त्रिपाठी ने कहा कि हमारा उद्देश्य यह है कि समाज का हर वह व्यक्ति, जिसे सहयोग की जरूरत है, उसे शिक्षा, स्वास्थ्य और अवसरों के जरिये आगे बढ़ने का हौसला मिले। आयोजन में संस्था के अध्यक्ष सत्यनारायण अवस्थी, व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल, तमिलनाडु से आए आचार्य वेदा रविशंकर, इस्कान के अध्यक्ष अपरिमेय श्यामदास व प्रशांत भाटिया की मौजूदगी में सत्यनारायण अवस्थी द्वारा लिखित पुस्तकों 'कश्मीर, जम्मू एवं लद्दाख की ऐतिहासिक सांस्कृतिक झलक' और 'कृपानुभूति' का विमोचन भी किया गया। पौधारोपण का अभियान चला रहे चंद्र भूषण तिवारी व कृष्णानंद राय ने कविताएं सुनाईं।

## परीक्षा केंद्रों की अनंतिम सूची जारी, 18 तक दें सुझाव

जासं • लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय से सहयुक्त महाविद्यालयों की विषम सेमेस्टर की परीक्षाओं के लिए निर्धारित केंद्रों की अनंतिम (टेंटेटिव) सूची शनिवार शाम को जारी कर दी गई है। विस्तृत सूची विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in उपलब्ध है। सूची में लखनऊ विश्वविद्यालय सहित 22 नोडल सेंटर, 257 परीक्षा केंद्र हैं। इन केंद्रों पर किन कालेजों की परीक्षाएं होंगी, उनके नाम भी दिए गए हैं। परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि केंद्रों के संबंध में सुझाव हो तो 18 नवंबर शाम पांच बजे तक ईमेल coe@lkouniv.ac.in या वाट्सएप नंबर 7991200506 पर भेज सकते हैं।

AMRIT VICHAR



कार्यक्रम में मौजूद महामंडलेश्वर डॉ. कैलाशानन्द गिरि।

## साहित्य, संस्कृति और जनसेवा के योगदानकर्ता सम्मानित

**अमृत विचार, लखनऊ :** अस्तित्व सम्मान समारोह 2025 का आयोजन लखनऊ विश्वविद्यालय मे सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम में शिक्षा, संस्कृति, समाजसेवा और जनकल्याण के विभिन्न क्षेत्रों मे उल्लेखनीय काम करने वाले कई प्रतिष्ठित व्यक्तित्वो को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप मे निरंजन पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर कैलाशानन्द गिरि ने उपस्थिति रहे। समारोह मे लखनऊ विश्वविद्यालय की कुलपति मनुका खन्ना, श्री काशी विश्वनाथ मंदिर ट्रस्ट वाराणसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विश्व भूषण मिश्र आदि उपस्थित रहे।

I NEXT

## परीक्षा केंद्रों की अनंतिम सूची जारी की गई

**LUCKNOW(15 Nov):** लखनऊ विश्वविद्यालय से सहयुक्त महाविद्यालयों की विषम सेमेस्टर की परीक्षाओं के लिए निर्धारित केंद्रों की अनंतिम (टेंटेटिव) सूची शनिवार शाम को जारी कर दी गई है. विस्तृत सूची विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट www.lkouniv.ac.in उपलब्ध है.

### 257 एक्जाम सेंटर

सूची में लखनऊ विश्वविद्यालय सहित 22 नोडल सेंटर, 257 परीक्षा केंद्र हैं. इन केंद्रों पर किन कालेजों की परीक्षाएं होंगी, उनके नाम भी दिए गए हैं. परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि केंद्रों के संबंध में सुझाव हो तो 18 नवंबर शाम पांच बजे तक ईमेल coe@lkouniv.ac.in या वाट्सएप नंबर 7991200506 पर भेज सकते हैं.

AAJ

## कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधुनिक सभ्यता के लिए दोधारी औजार- कुलपति

लखनऊ। आधुनिक दौर में तीव्र परिवर्तनशील विश्व में कृत्रिम बुद्धिमत्ता एआई को सावधानीपूर्वक अपनाने की आवश्यकता है, यह एक दोधारी औजार की तरह है जो सही दिशा में इस्तेमाल किया जाए तो इससे मानवजाति का कल्याण सम्भव है और दुरुपयोग करने पर यह विनाश भी कर सकता है। यह उद्गार शनिवार को लखनऊ विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो मनुका खन्ना ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता और मानव सभ्यता साहित्य समाज और संस्कृति का भविष्य विषयक अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी को संबोधित करते हुए व्यक्त किये।